

# अष्टादश बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–06 मंगलवार, दिनांक–10 फरवरी, 2026 ई०।

**माननीय अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 01:06 बजे अपराह्न तक।**

सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही विपक्ष के माननीय सदस्यगण विभिन्न मांगो को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गये।

आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपने स्थान पर बैठ जाने तथा उचित समय पर अपने विषय को उठाने का आग्रह किया गया।

तत्पश्चात माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग द्वारा कहा गया कि बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली में गंभीर से गंभीर विषय को उठाने के लिए भी नियम एवं प्रावधान है। आसन की इजाजत से जो भी प्रस्ताव या प्रश्न विपक्ष नियमानुसार लायेगा, सरकार बिल्कुल पारदर्शी तरीके से उसका जवाब देने के लिए तैयार है।

तदुपरान्त आसन द्वारा पुनः विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपने–अपने स्थान पर बैठ जाने का अनुरोध किया गया, परन्तु विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये।

**[1] प्रश्नकाल :–**

i. 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।
ii. 02 अल्पसूचित प्रश्न अपृष्ठ।
iii. 19 तारांकित प्रश्न उत्तरित।
iv. 04 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।
v. 153 तारांकित प्रश्न अनागत।

**[2] कार्यस्थगन प्रस्ताव :–**

माननीय सदस्य, श्री रणविजय साहू, श्री राहुल कुमार, श्री मनोज विश्वास, श्री गौतम कृष्ण, श्री अजय कुमार, श्री अरूण सिंह, श्री अमरेन्द्र कुमार, श्री संदीप सौरभ, श्री शंकर प्रसाद, श्री अभिषेक रंजन, श्री मो० कमरूल होदा, श्री सुरेन्द प्रसाद, श्रीमती सावित्री देवी एवं श्रीमती करिश्मा द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी।

**[3] अन्य चर्चा :–**

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि यह बड़े हर्ष का विषय है कि सदन के माननीय सदस्य श्री नितिन नवीन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार सदन में आए है। यह गर्व का विषय है। इस अवसर पर सभी दलीय नेताओं यथा श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री सम्राट चौधरी, माननीय उप मुख्यमंत्री; श्री राजू तिवारी, स०वि०स०; श्री माधव आनन्द, स०वि०स०; श्रीमती ज्योति देवी, स०वि०स०; श्री संजय सरावगी, स०वि०स० एवं श्री विजय कुमार सिन्हा, माननीय उप मुख्यमंत्री द्वारा माननीय सदस्य, श्री नितिन नवीन का अभिनन्दन और अभिवादन किया गया ।

तत्पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा श्री माननीय सदस्य, श्री नितिन नवीन को साधुवाद दिया गया। (यथा संलग्न)

इसके उपरांत माननीय सदस्य, श्री नितिन नवीन द्वारा इस सम्मान के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद दिया गया तथा सभी दल के नेता एवं माननीय सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। साथ ही बिहार के विकास में सबों से अपनी भूमिका सुनिश्चित करने का अपील किया गया ताकि बिहार गर्व एवं सम्मान का विषय बन सके। उन्होंने कहा कि बिहार की छवि अगर बड़ी होती हैं, तो इससे सबको सम्मान मिलता है।

**[4] <u>शून्यकाल</u> :–**

शून्यकाल की सूचना के अंतर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्री बैद्यनाथ प्रसाद | (ii) | श्री रोमित कुमार |
| (iii) | श्रीमती श्वेता गुप्ता | (iv) | श्री मो० कमरूल होदा |
| (v) | श्री सुरेंद्र प्रसाद | (vi) | श्री मुरारी मोहन झा |
| (vii) | श्री बीरेन्द्र कुमार | (viii) | श्री नागेन्द्र चन्द्रवंशी |
| (ix) | श्री त्रिविक्रम नारायण सिंह | (x) | श्री उदय कुमार सिंह |
| (xi) | श्रीमती बिनीता मेहता | (xii) | श्री सतीश कुमार सिंह यादव |
| (xiii) | श्री शुभानंद मुकेश | (xiv) | श्री राम चन्द्र सदा |
| (xv) | श्री अमरेन्द्र कुमार | (xvi) | श्री बबलू कुमार |
| (xvii) | श्री रामानन्द मंडल | | |

(इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

| | | | |
|---|---|---|---|
| (xviii) | श्री ललित नारायण मंडल | (xix) | श्री मोहम्मद मुर्शिद आलम |
| (xx) | श्रीमती गायत्री देवी | (xxi) | सुश्री मैथिली ठाकुर |
| (xxii) | प्रो० नागेन्द्र राउत | (xxiii) | श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह |
| (xxiv) | श्री भरत बिन्द | (xxv) | श्री सुजीत कुमार |
| (xxvi) | श्रीमती शालिनी मिश्रा | (xxvii) | श्री मो० सरवर आलम |
| (xxviii) | श्री गुलाम सरवर | (xxix) | श्रीमती दीपा कुमारी |
| (xxx) | श्रीमती ज्योति देवी | (xxxi) | श्री पप्पु कुमार वर्मा |

आसन द्वारा घोषण की गई कि आज के लिए स्वीकृत शेष शून्यकाल की सूचनाओं के लिखित उत्तर के लिए इसे संबंधित विभाग को भेज दिया जाय।

**[5] <u>सभा मेज पर कागजात का रखा जाना</u> :–**

1. माननीय प्रभारी मंत्री, नगर विकास विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा "बिहार नगरपालिका विधि सेवा नियमावली, 2025" एवं "बिहार नगरपालिका योजना सेवा नियमावली, 2025" की एक–एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

2. माननीय प्रभारी मंत्री, ऊर्जा विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा "कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा–395 के तहत् बिहार राज्य जल विद्युत निगम के वित्तीय वर्ष 2014–15 से 2015–16 तक के वार्षिक लेखा प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया।

3. माननीय प्रभारी मंत्री, वाणिज्य–कर विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा "बिहार मूल्यवर्द्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा–99 के तहत अधिसूचना संख्या–एस०ओ०–145, दिनांक–16.07.2025 की प्रति को सभा मेज पर रखा गया। यह 14 (चौदह) दिनों तक सदन पटल पर रहेगा।

4. माननीय प्रभारी मंत्री, वाणिज्य–कर विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा "बिहार माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा–166 के तहत अधिसूचना संख्या–एस०ओ०–146, दिनांक–16.07.2025; एस०ओ०–149, दिनांक–27.08.2025; एस०ओ०–150, 151, 152, 153, 154, 155, 156, 157, 158, 159, 160, 161 एवं 162, दिनांक–17.09.2025 की एक–एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया। यह 30 (तीस) दिनों तक सदन पटल पर रहेगा।

**[6] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :–**

(i) माननीय सदस्य, श्री आलोक कुमार सिंह, श्री मुरारी प्रसाद गौतम एवं अन्य तीन सभासदों का खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से संबंधित तथा दिनांक 06.02.2026 एवं 09.02.2026 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, श्रीमती लेशी सिंह द्वारा दिया गया।

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज की शेष ध्यानाकर्षण सूचनाएँ अगली तिथि में सूचीबद्ध रहेगी।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

**भोजनावकाश के बाद**

(02:00 बजे अपराह्न से 05:02 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

**[7] वित्तीय कार्य :–**

**वित्तीय वर्ष 2026–27 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड–01 (पथ निर्माण विभाग; उद्योग विभाग; पंचायती राज विभाग; पर्यटन विभाग; अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग)] पर वाद–विवाद एवं मतदान।**

माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग, डॉ० दिलीप कुमार जायसवाल द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से पथ निर्माण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया।

माननीय सदस्य श्री राहुल कुमार द्वारा अनुदान की मांगों में कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

तत्पश्चात पथ निर्माण विभाग के अनुदान की मांग के मूल प्रस्ताव पर वाद विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया:–

i. श्री सुरेन्द्र राम
ii. श्री प्रमोद कुमार
iii. श्रीमती मनोरमा देवी
iv. श्री मो० कमरूल होदा
v. श्री राजू तिवारी
vi. श्री मो० मुर्शिद आलम

[इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

vii. श्री संजय कुमार
viii. श्री अरूण सिंह
ix. श्री सतीश कुमार सिंह यादव
x. श्री अजय कुमार
xi. श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता
xii. श्री प्रकाश चन्द्र
xiii. श्रीमती अनीता
xiv. श्रीमती मीना कुमारी
xv. श्रीमती ज्योति देवी
xvi. श्री माधव आनंद
xvii. श्रीमती गायत्री देवी
xviii. श्री नितेश कुमार सिंह
xix. श्री राजू कुमार सिंह

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग, डॉ० दिलीप कुमार जायसवाल द्वारा विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन कर गये।

तत्पश्चात माननीय सदस्य, श्री राहुल कुमार का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ।

तदुपरान्त पथ निर्माण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

**[8] निवेदन :–**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 32 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे।

तत्पश्चात सभा की बैठक बुधवार, दिनांक–11 फरवरी, 2026 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–10.02.2026

**ख्याति सिंह**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।